Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding increase in import duty on oranges exported to Bangladesh -laid.

श्री रामदास तडस (वर्धा): मुझे माननीय केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रीजी का ध्यान अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर आकृष्ट करते हुये कहना है कि, संतरा के निर्यात में महाराष्ट्र एक अग्रणी प्रदेश है । महाराष्ट्र से काफी मात्रा में संतरा बांग्लादेश भेजा जाता है, विदर्भ में सबसे ज्यादा संतरा उत्पादन होता है और विदर्भ से संतरे के कुल उत्पादन का 20 से 25 प्रतिशत लगभग 1,50,000 मीट्रिक टन संतरे का निर्यात बांग्लादेश को किया जाता है । वर्ष 2020-21 मे बांग्लादेश द्वारा संतरे का आयात शुल्क रु .33/ प्रति किलो (0-40 USD) बढाकर रु .42/- प्रति किलो (0.50 USD) किया है । बांग्लादेश व्दारा संतरे का आयात शुल्क बढ़ाने से संतरा उत्पादक किसान पर संकट आया है ।

अतः माननीय केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री जी से निवेदन है कि, केंद्र सरकार द्वारा बांग्लादेश से संतरा आयात शुल्क कम करने के लिए चर्चा करे और संतरा उत्पादक किसानो को न्याय दिलाने का कष्ट करे ।